Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Construction of Roads in Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नगर हवेली): दादरा नगर हवेली, दमन दीव केंद्र सरकार के अधीन हैं फिर भी यहाँ की जर्जर सड़कों के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लोग कई मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है। प्रदेश में बरसात अधिक है यह जानकारी प्रशासन के पास होने के बाद भी मानसून से ठीक पहले सड़कों की अंधाधुंध तरीके से खुदाई और डिवाइडर को हटा दिया गया जिसकी अभी जरूरत नहीं थी, जिस वजह से आज सड़कों की स्थिति बद से बदतर हो गई है। शहर एवं गावों की सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढों ने वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा दी है, जानलेवा दुर्घटनाएं हो रही है। बच्चे भी इस तरह के खतरों के बीच स्कूल जाने को मजबूर हैं। आज़ादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि 6-6 वर्ष बीतने के पश्चात् भी प्रदेश की एक भी सड़क ठीक तरीके से नहीं बन पाई है। प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। अतः मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को तथा विभाग को प्रदेश की सभी सड़कों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र बनाने का आदेश जारी करने की कृपा करें।